# दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय में कट्स इंटरनेशनल व भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसके प्रथम सत्र की शुरुआत करते हुए कट्स इंटरनेशनल के सहायक निदेशक गोहर मोहम्मद ने संगठन का परिचय दिया। उन्होंने दूरसंचार उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं मुद्दों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में कट्स जयपुर से आए दीपक सक्सेना ने दूरसंचार से संबंधित आंकड़ों पर चर्चा की। उन्होंने दूरसंचार से संबंधित शिकायतों के निवारण की जानकारी दी। उपभोक्ता अपनी समस्याओं को दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण तक कैसे पहुंचाए पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न दूरसंचार प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं चलचित्रों के माध्यम से दूरसंचार से संबंधित समस्याओं के निवारण की जानकारी दी गई। कार्यशाला का संयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स संकाय के विभागाध्यक्ष गौरव शर्मा एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने किया।

# मेवाड़ विवि में कार्यशाला

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्वंय सेवी संस्था कट्स इंटरनेशनल व भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र की शुरुआत करते हुए कट्स इंटरनेशनल के सहायक निदेशक गुहर मोहम्मद ने संगठन का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने दूरसंचार उपभोक्ताओं से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दूसरे सत्र में कट्स इंटरनेशनल जयपुर से आये दीपक सक्सेना ने दूरसंचार से संबंधित आंकड़ो पर चर्चा की।